(3)

प्रेषक,

शिवानन्द गुप्ता,
लघुवाद न्यायाधीश,
बिजनौर।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद बिजनौर।

विषयः– <u>वार्षिक स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र के समर्थन में दिये गये प्रपत्रों के बाबत</u>

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि प्रार्थी, शिवानन्द गुप्ता, लघुवाद न्यायाधीश, बिजनौर का इस जनपद में 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो जाने के कारण इस वर्ष के वार्षिक स्थानान्तरण में जनपद बिजनौर से अन्य जनपद को स्थानान्तरण होना है, परन्तु प्रार्थी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती रीतू गुप्ता के गर्भवती होने तथा प्रसव की संभावित तिथि 30 अप्रैल 2024 होने के कारण स्थानान्तरण से होने वाली त्वरित कठिनाई के कारण इस वर्ष प्रार्थी का स्थानान्तरण न किये जाने हेतु आवेदन माननीय न्यायालय के eCourts Services Portal पर नियमानुसार किया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पत्रांक सं० 73/Admin(Services)/2024; Dated February 08, 2024 में पारित आदेश के अनुक्रम में प्रार्थी निम्न निवेदन करता है।

**1**–प्रार्थी का जनपद बिजनौर से इस वर्ष स्थानान्तरण होना था, किन्तु प्रार्थी की पत्नी गर्भवती है। प्रसव की संभावित तिथि दिनांक 30-04-2024 है।

**2**–प्रार्थी का पहला पुत्र 6 वर्ष का है, जिसकी देख–रेख भी प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी द्वारा ही की जाती है एवं प्रार्थी के माता–पिता जनपद बाराबंकी में गांव में निवास करते हैं।

**3**–इस वर्ष प्रार्थी के स्थानान्तरण से उसे व उसके परिवार एवं संभावित नवजात शिशु को अपार कठिनाई हो सकती है तथा प्रार्थी को न्यायिक कार्य करने में भी अत्यन्त असुविधा हो सकती है।

**4**–प्रार्थी द्वारा अपनी पत्नी के चिकित्सीय प्रपत्रों को मुख्य चिकित्साधिकारी बिजनौर से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर स्वप्रमाणित

प्रति माननीय न्यायालय की सेवा में प्रस्तुत किया जा रहा है। (संलग्नक- 1 ता 6 )

**5**–उक्त प्रपत्रों एवं प्रार्थी की याचना को प्रार्थी स्वयं द्वारा शपथ पत्र से समर्थित किया गया है। (संलग्नक- 7 )

**6**–चिकित्सीय मूल प्रपत्रों की फालो अप ट्रीटमेन्ट के लिए आवश्यकता होने के कारण उक्त चिकित्सीय प्रपत्रों की मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति की छायाप्रति संलग्न की जा रही है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थी का आवेदन मय चिकित्सीय प्रपत्र एवं मय शपथ पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष समुचित अनुतोष प्रदान किए जाने हेतु, रखने की कृपा करें।

माननीय न्यायालय से विनम्र याचना है कि उपरोक्त वर्णित वस्तुस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी को समुचित अनुतोष प्रदान करने की कृपा करें।

सादर!

भवदीय,

Shivanand Gupta 16.2.24

(शिवानन्द गुप्ता)

लघुवाद न्यायाधीश,

बिजनौर।

दिनांकः 16-02-2024

Letter no.1-3886/16-02-2024

Forwarded to Hon'ble High Court

District Judge,

Bijnor

16/2/24

संलग्नः-

1- चिकित्सीय प्रपत्र (संलग्नक- 1 ता 6 )

2- शपथ पत्र (संलग्नक- 7 )

INDIA NON JUDICIAL

IN-UP66294344931890W

## Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

सं०ज्ञा०प्र० 7/1

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP66294344931890W |
| Certificate Issued Date | : | 15-Feb-2024 04:44 PM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14380304/ BIJNOR SADAR/ UP-BJN |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14380304288155430812 70W |
| Purchased by | : | SHIVANAND GUPTA SO SHRI KEDARNATH GUPTA |
| Description of Document | : | Article 4 Affidavit |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | SHIVANAND GUPTA SO SHRI KEDARNATH GUPTA |
| Second Party | : | Not Applicable |
| Stamp Duty Paid By | : | SHIVANAND GUPTA SO SHRI KEDARNATH GUPTA |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 10 (Ten only) |

AMIT KUMAR AGARWAL BIJNOR

NOTARIAL FIVE RUPEES

Please write or type below this line

समक्ष–माननीय महानिबन्धक

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद।

NOTARY SUDHIR KUMAR GAUR ADVOCATE NOTARY Bijnor (U.P.) Reg.No 1935/2001 GOVT. OF INDIA

शपथपत्र शिवानन्द गुप्ता आयु लगभग 39 वर्ष पुत्र श्री केदार नाथ गुप्ता वर्तमान निवासी आवास संख्या ए–8, सिविल लाईन्स, बिजनौर कार्यरत लघुवाद न्यायाधीश, बिजनौर।

मै शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि:–

1–मेरा उपरोक्त नाम व पता सही है।

2–मै वर्तमान में लघुवाद न्यायाधीश बिजनौर के पद पर कार्यरत हूँ। इस वर्ष मेरा जनपद में तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो जाने के कारण इस वर्ष के वार्षिक स्थानान्तरण में जनपद बिजनौर से अन्य जनपद में स्थानान्तरण होना है।

3–मेरी पत्नी श्रीमति रीतू गुप्ता गर्भवती है और उनके प्रसव की सम्भावित तिथि 30.04.2024 है।

Shivanand Gupta
15-2-24

Statutory Alert:
1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

संलग्नक 7/2

4—मेरी पत्नी के प्रसव की सम्भावित तिथि 30.04.2024 होने के कारण मेरा स्थानान्तरण होने की स्थिति में मुझे होने वाली त्वरित कठिनाई के कारण मैने इस वर्ष मेरा स्थानान्तरण ना किये जाने के लिए माननीय न्यायालय के e Courts Services Portal पर नियमानुसार अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और इस आवेदन पत्र को मेरे द्वारा नियमानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश बिजनौर के माध्यम से प्रेषित किया गया है। आवेदन पत्र के समर्थन में मेरे द्वारा वर्तमान शपथपत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। ——

5—मेंरे एक मात्र पुत्र की आयु वर्तमान में लगभग 6 वर्ष है जिसकी देखरेख मेरे व मेरी पत्नी द्वारा की जाती है। ——

6—मेरे माता पिता जनपद बाराबंकी में ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते है। —

7—इस वर्ष मेरे स्थानान्तरण से मुझे व मेरे परिजनो तथा सम्भावित जन्म लेने वाले नवजात शिशु को अपार कठिनाई हो सकती है तथा साथ ही साथ मुझे भी न्यायिक कार्य करने में असीम असुविधा हो सकती है। —

8—मेरे द्वारा अपने पति के चिकित्सा सम्बन्धी प्रपत्रो को मुख्य चिकित्साधिकारी बिजनौर से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर सादर प्रेषित की जा रही है। —

9—मूल चिकित्सा सम्बन्धी प्रपत्रो को फालो आफ ट्रीटमेन्ट के लिए समय समय पर आवश्यकता पडेगी और इस कारण उन्हे मूल रूप से आवेदन पत्र के साथ संलगित कर सादर प्रस्तुत नही किया जा रहा है। —

10—मै माननीय महोदय से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र समस्त चिकित्सा सम्बन्धी विलेखो व शपथपत्र सहित माननीय न्यायालय के समक्ष समुचित अनुतोष प्रदान रखने हेतु रखने की कृपा करें और एतद्पूर्व वर्णित स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मुझे समुचित अनुतोष प्रदान करें। —

11—मेरे द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में जो भी कथन अंकित किए गये है वह मेरे व्यक्तिगत ज्ञान के अनुसार सही है। ——

12—मै शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे शपथपत्र उपरोक्त के प्रस्तर संख्या 1 लगायत 11 तथा मेरे द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के तथ्य व आवेदन पत्र के संलग्नक 1 लगायत 6 मेरे व्यक्तिगत ज्ञान में सही है। कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया नही गया है। ईश्वर मेरी सहायता करें। ——

NOTARY
SUDHIR KUMAR GAUR
ADVOCATE NOTARY
GOVT. OF INDIA
Regd. No. 1938/2001

दिनांक—15.02.2024

शपथकर्ता
Shiva Nand Gupta
15.2.24

Anil Kumar
Advocate
Reg. No. 9853/03
C O P No. 059187
Civil Court, BIJNOR
Mob 9917366457

Sworn before me on this 15 day of 2 2024
by Mr. Shiva Nand Gupta
who has ben identified by.... Anil K
who is personally known to me..........
whose signature (S) is/are here to appended

Sudhir Kumar 15/2/2024

शपथकर्ता
Shiva Nand Gupta
15.2.24